Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 NOVEMBER 05, 2017 SHIFT 1 WOMEN STUDIES QUESTION PAPER

## WOMEN'S STUDIES

## PAPER - II

Note : This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. What is **correct** about Women's Studies Movement ?

   (a) It has failed in creating rich knowledge base for the discipline.

   (b) It has worked to reconstruct knowledge from the vantage point of women.

   (c) It has contributed to shape policy at various levels.

   (d) It made effort to bring about curriculum change which was pursued in myriad ways.

   Code :

   (1) (b), (c) and (d) only  (2) (a), (b), (c), (d)

   (3) (b) and (c) only  (4) (c) and (d) only

2. Which Chairperson of UGC gave a fresh perspective to Women's studies by widening the agenda of the programme strengthening the role of its participants and giving greater academic credibility to the programme ?

   (1) Madhuri Shah  (2) Armaity Desai

   (3) Yash Pal  (4) Virander Singh Chauhan

3. Which of the following feminist thinkers believed that "Female subordination is rooted in a set of customary and legal constraints that block women's entrance and success in the public world" ?

   (1) Marxist feminist  (2) Cultural feminist

   (3) Liberal feminist  (4) Radical feminist

4. Which of the following is **incorrect** about culture of any Society ?

   (1) It is unique  (2) It is dynamic

   (3) It is static  (4) It is structured

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## महिला अध्ययन

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. महिला अध्ययन आंदोलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

 (a) यह इस विषय के लिए समृद्ध ज्ञान आधार का सृजन करने में विफल रहा है।

 (b) इसने महिलाओं के नजरिए से ज्ञान को पुनर्संरचित करने का कार्य किया है।

 (c) इसने विभिन्न स्तरों पर नीति निर्धारण में योगदान किया है।

 (d) इसने पाठ्यचर्या में बदलाव लाने का प्रयास किया है जो पहले अनेक प्रकार से चल रही थी।

 **कूट :**

 (1) केवल (b), (c) और (d) (2) (a), (b), (c), (d)

 (3) केवल (b) और (c) (4) केवल (c) और (d)

2. निम्नलिखित में से यू.जी.सी. के किस अध्यक्ष ने महिला अध्ययन संबंधी कार्यक्रम की कार्यसूची में विस्तार कर, इसके प्रतिभागियों की भूमिका को सुदृढ़ कर तथा कार्यक्रम को और ज्यादा अकादमिक विश्वसनीयता प्रदान कर महिला अध्ययन को एक नया परिप्रेक्ष्य दिया ?

 (1) माधुरी शाह (2) अरमेती देसाई

 (3) यशपाल (4) वीरेन्द्र सिंह चौहान

3. निम्नलिखित में से कौन से नारीवादी विचारक का यह मानना था कि "महिला अधीनस्थता का मुख्य कारण ऐसी रीतियाँ और कानूनी बाधाएँ हैं जो सार्वजनिक जीवन में महिलाओं के प्रवेश और सफलता को बाधित करती हैं" ?

 (1) मार्क्सवादी नारीवादी (2) सांस्कृतिक नारीवादी

 (3) उदारवादी नारीवादी (4) उग्र नारीवादी

4. किसी समाज की संस्कृति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही नहीं** है ?

 (1) यह विलक्षण होती है (2) यह गतिशील होती है

 (3) यह स्थायी होती है (4) यह संरचित होती है

5. Who is of the view that women be freed from domesticity and that the most pressing need was to make women see that they could make a mark outside the four walls of their homes ?

(1) John Stuart Mill (2) Alison M. Jaggar

(3) Shulamith Firestone (4) Betty Friedan

6. Which of the following Five Year Plan highlighted the need for 'empowering women' ?

(1) $6^{th}$ Five Year Plan (2) $9^{th}$ Five Year Plan

(3) $10^{th}$ Five Year Plan (4) $11^{th}$ Five Year Plan

7. Which of the following are **correct** about Sustainable Development Goals (SDGs) ?

(a) SDGs are a set of 17 goals comprising 169 targets

(b) Main aim is reducing poverty and improving Environmental Sustainability

(c) Conceived at Rio + 20 Conference

(d) SDGs came into effect from January 2016

**Code :**

(1) (a), (b) and (d) only (2) (a), (b), (c) and (d)

(3) (a), (b), (c) only (4) (a) and (d) only

8. Under which of the following Acts NGOs can be Registered for establishment ?

(a) The Indian Trust Act

(b) Registration of Companies Act

(c) Foreign Contribution (Regulation) Act

(d) Societies Registration Act

**Code :**

(1) (d) only (2) (b) and (d) only

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (d) only

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. निम्नलिखित में से किसका विचार है कि महिलाओं को घरेलूपन से मुक्त किया जाना चाहिए और सबसे बड़ी आवश्यकता महिलाओं में यह विश्वास उत्पन्न करने की है कि वे अपने घरों की चारदीवारी के बाहर अपनी छाप छोड़ सकती हैं ?

(1) जॉन स्टुअर्ट मिल (2) एलिस एम. जगर

(3) शुलामिथ फायरस्टोन (4) बेट्टी फ्रेडन

6. निम्नलिखित में से कौन सी पंच वर्षीय योजना में 'महिला सशक्तीकरण' की आवश्यकता पर बल दिया गया था ?

(1) 6 वीं पंचवर्षीय योजना (2) 9 वीं पंचवर्षीय योजना

(3) 10 वीं पंचवर्षीय योजना (4) 11 वीं पंचवर्षीय योजना

7. सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन **सही** हैं ?

(a) सतत विकास लक्ष्य 17 लक्ष्यों का समुच्चय हैं जिसमें कुल 169 लक्ष्य सम्मिलित हैं।

(b) इनका मुख्य उद्देश्य गरीबी को कम करना और पर्यावरण सततता में सुधार करना है।

(c) रियो + 20 सम्मेलन में इनकी परिकल्पना की गई थी।

(d) एस.डी.जी. जनवरी, 2016 से प्रभावी हुए हैं।

**कूट :**

(1) केवल (a), (b) और (d) (2) (a), (b), (c) और (d)

(3) केवल (a), (b) और (c) (4) केवल (a) और (d)

8. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत गैर-सरकारी संगठनों को स्थापना हेतु पंजीकृत किया जा सकता है ?

(a) भारतीय न्यास अधिनियम

(b) कंपनियों का पंजीयत अधिनियम

(c) विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम

(d) सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट

**कूट :**

(1) केवल (d) (2) केवल (b) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) केवल (a), (b) और (d)

9. Which of the following pair of women players and the games is **not** correctly matched ?

(1) Mithali Raj - Cricket

(2) Dipika Pallikal - Squash

(3) Deepika Kumari - Archery

(4) Geeta Phogat - Weight lifter

10. Which of the following are **correct** about the girl child Protection Scheme "Sukanya Samriddhi Yojana" ?

(a) Money can be deposited only by the parents of the girl child.

(b) Interest Rates are calculated on the $10^{th}$ day of every month.

(c) The maximum limit for deposits in the account is ₹ 1,50,000 per year.

(d) Account will earn interest even after it has matured.

Code :

(1) (a), (b), (c) and (d) are correct (2) (a), (b) and (c) only correct

(3) (b) and (c) only correct (4) (a) and (b) only correct

11. Which of the following group of States have female literacy above 80% as per 2011 census ?

(1) Kerala, Mizoram, Goa (2) Kerala, Goa, Maharashtra

(3) Kerala, Mizoram, Tamil Nadu (4) Kerala, Tripura, Maharashtra

12. Who has Developed 'Harvard Analytical Framework' to analyse Gender data ?

(1) Catherine Overholt (2) Naila Kabeer

(3) Carroline Mosser (4) Rani Parker

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. महिला खिलाड़ी और संबंधीत खेल का निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित **नहीं** है?

(1) मिताली राज - क्रिकेट

(2) दीपिका पल्लीकल - स्क्वैश

(3) दीपिका कुमारी - तीरंदाजी

(4) गीता फोगट - भारोत्तोलन

10. बालिका संरक्षण स्कीम "सुकन्या समृद्धि योजना" के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

(a) केवल बालिका के माता-पिता द्वारा धन जमा किया जा सकता है।

(b) ब्याज दर की गणना प्रत्येक माह के दसवें दिन की जाती है।

(c) खाते में प्रतिवर्ष अधिकतम ₹ 1,50,000 जमा किए जा सकते हैं।

(d) खाते की मियाद पूरी होने के बाद भी उस पर ब्याज मिलता रहेगा।

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) और (d) सहीं हैं।

(2) केवल (a), (b) और (c) सही हैं।

(3) केवल (b) और (c) सही हैं।

(4) केवल (a) और (b) सही हैं।

11. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन से राज्यों के समूह की महिला साक्षरता दर 80% से अधिक है?

(1) केरल, मिजोरम, गोवा

(2) केरल, गोवा, महाराष्ट्र

(3) केरल, मिजोरम, तमिलनाडु

(4) केरल, त्रिपुरा, महाराष्ट्र

12. निम्नलिखित में से किसने जेंडर संबंधी आँकड़ों का विश्लेषण करने के लिए 'हार्वर्ड एनालिटिकल फ्रेमवर्क तैयार किया है?

(1) कैथरीन ओवरहोल्ट

(2) नैला कबीर

(3) कैरोलीन मोजर

(4) रानी पार्कर

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. Match the List - I (Books) and List - II (Authors) :

| List - I (Books) | | List - II (Authors) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Feminist Thought : A Comprehensive Introduction | (i) | Alison M. Jaggar |
| (b) | Feminist Politics and Human Nature | (ii) | Rose Marie Tong |
| (c) | This sex which is not one | (iii) | Mary Daly |
| (d) | Beyond God the Father : Towards a Philosophy of women's liberation | (iv) | Luce Irigaray |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

14. After whose name was the Women's Division of the Indian National Army named ?

(1) Chand Bibi (2) Rani Jhansi (3) Sultana Rajia (4) Ahalyabai

15. **Assertion (A) :** The women's movement that emerged in the 1960's had a strong impact on college and university to start women's studies as an academic discipline.

**Reason (R) :** Feminist academicians in universities and colleges initially directed attention of authorities to formulate curriculum which otherwise ignored women's contribution to knowledge.

Code :

(1) Both (A) and (R) are correct.

(2) Both (A) and (R) are wrong.

(3) (A) is correct (R) is wrong.

(4) (A) is wrong (R) is correct.

13. पुस्तकें **सूची** - I को लेखकों **सूची** - II के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची - I** **( पुस्तकें )** | | **सूची - II** **( लेखक )** |
|---|---|---|---|
| (a) | फेमिनिस्ट थॉट : ए कम्प्रिहेंसिव इन्ट्रोडक्शन | (i) | एलिसन एम. जगर |
| (b) | फेमिनिस्ट पॉलिटिक्स एंड ह्यूमन नेचर | (ii) | रोज मैरी टोंग |
| (c) | दिस सेक्स व्हिच इज नॉट वन | (iii) | मैरी डैली |
| (d) | बिऑन्ड गॉड दी फादर : टूवर्ड्ज ए फिलासफी ऑफ वूमैन'ज लिबरेशन | (iv) | ल्यूसे इरिगारे |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

14. निम्नलिखित में से किसके नाम पर इंडियन नेशनल आर्मी की महिला डिवीजन का नाम रखा गया था ?

(1) चाँद बीबी (2) रानी झांसी (3) सुल्ताना रजिया (4) अहल्याबाई

15. **अभिकथन (A) :** 1960 में शुरू हुए महिला आंदोलन का कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन एक अकादमिक विषय के रूप में प्रारंभ करने के संबंध में उन पर भारी प्रभाव पड़ा।

**तर्क (R) :** विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कार्यरत नारीवादी शिक्षाविदों ने प्रारंभ में अधिकारियों का ध्यान पाठ्यचर्या तैयार करने की ओर आकर्षित किया जिसमें ज्ञान के संबंध में महिलाओं के योगदान की अनदेखी की गई थी।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

(3) (A) सही है और (R) गलत है।

(4) (A) गलत है और (R) सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

16. What is incorrect about pilot study ?

(1) It is conducted when the survey or research study is small.

(2) It facilitates the framing of a workable schedule.

(3) It may help to determine whether the schedule should be structured or open ended.

(4) It helps to save time and money.

17. Which of the following Institute is a charitable company registered under section 25 of the Indian Companies Act of 1956 ?

(1) National Institute for Public Co-operation and Child Development

(2) Central Adoption Resource Authority

(3) Central Social Welfare Board

(4) National Commission for Women

18. Match the List - I and List - II :

| | List - I (Organization) | | List - II (Year) |
|---|---|---|---|
| (a) | Sharada Sadan | (i) | 1937 |
| (b) | Home Rule | (ii) | 1892 |
| (c) | Andhra Mahila Sabha | (iii) | 1916 |
| (d) | Ladies Association | (iv) | 1886 |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

16. प्रारंभिक अध्ययन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) यह तब किया जाता है जब सर्वेक्षण या अनुसंधान अध्ययन छोटा हो।

(2) यह व्यवहार्य अनुसूची तैयार करने में सहायक होता है।

(3) यह निर्धारित करने में सहायता करता है कि अनुसूची संरचित होनी चाहिए अथवा मुक्तोत्तर होनी चाहिए।

(4) इससे समय और धन की बचत होती है।

17. निम्नलिखित में से कौन सा संस्थान भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत एक चैरिटेबल कंपनी है ?

(1) राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान

(2) केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

(3) केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड

(4) राष्ट्रीय महिला आयोग

18. सूची - I को सूची - II के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची - I<br>( संगठन ) | | सूची - II<br>( वर्ष ) |
|---|---|---|---|
| (a) | शारदा सदन | (i) | 1937 |
| (b) | होम रूल | (ii) | 1892 |
| (c) | आन्ध्र महिला सभा | (iii) | 1916 |
| (d) | लेडीज एसोसिएशन | (iv) | 1886 |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

19. Which of the following thinkers viewed that Gender inequality comes from early childhood experiences which lead men to behave themselves to be masculine and women to behave themselves feminine ?

(1) Nancy Chodorow (2) Dorothy Dinnerstein

(3) Kate Millett (4) Sigmund Freud

20. Among the following feminists who present a vision of 'a women strong in mind and body who is not a slave to her passion, her husband or her children' ?

(1) Mary Wollstone Craft (2) Mary Dally

(3) Harriet Taylor (4) Margaret Fuller

21. Which of the following States launched first, transgender Policy in India ?

(1) Tamil Nadu (2) Maharashtra

(3) Andhra Pradesh (4) Kerala

22. What is correct about "One Billion Rising Movement" ?

(a) It is a global Movement of Women.

(b) It was founded by Monique Wilson.

(c) Its aim was to end rape and sexual violence against women.

(d) It was started in 2009.

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b) and (d) only

(3) (a) and (c) only (4) (b) and (c) only

19. निम्नलिखित में से किस विचारक का यह विचार था कि लैंगिक असमानता बचपन के पूर्व अनुभवों से उत्पन्न होती है जो पुरुषों को मरदाना व्यवहार करने और महिलाओं को स्त्रियोचित व्यवहार करने के लिए प्रेरित करती है ?

(1) नैंसी चोडोरो (2) डोरोथी डिनर्स्टीन

(3) केट मिलेट (4) सिगमंड फ्रायड

20. निम्नलिखित में से किस नारीवादी का यह विचार है कि 'महिला मन एवं शरीर से मजबूत होती है जो अपने शौक, अपने पति और अपने बच्चों की गुलाम नहीं है ?

(1) मैरी वोलस्टोन क्राफ्ट (2) मैरी डैली

(3) हैरियट टेलर (4) मार्गेरिट फुलर

21. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य ने ट्राँसजेंडर नीति को पहले लागू किया ?

(1) तमिलनाडु (2) महाराष्ट्र

(3) आन्ध्र प्रदेश (4) केरल

22. 'वन बिलियन राइजिंग मूवमेंट' के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

(a) यह महिलाओं का एक वैश्विक आंदोलन है।

(b) यह मोनीक विल्सन द्वारा प्रारंभ किया गया था।

(c) इसका उद्देश्य बलात्कार और महिलाओं के प्रति यौन हिंसा को समाप्त करना था।

(d) यह 2009 में प्रारंभ किया गया था।

कूट :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) केवल (a), (b) और (d)

(3) केवल (a) और (c) (4) केवल (b) और (c)

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. Who is the chairperson of the committee to prepare the New National Education Policy in 2017 ?

(1) V. Parthasarathy
(2) K. Kasthurirangan
(3) Dr. Radhakrishnan
(4) Santosh Panda

24. What is/are correct about closed ended schedule ?

(a) It ensures standardization and greater uniformity in presentation of results.

(b) It may furnish a superficial understanding of a phenomenon.

(c) It ensures that responses are pointedly directed towards the requirements of a research problem.

(d) It is simple, quick to administer and is relatively inexpensive.

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d)
(2) (a), (b) and (d) only
(3) (b), (c) and (d) only
(4) (c) only

25. In whose purview does vocational education fall in India ?

(1) The Ministry of Women and Child Development
(2) The National Council for Education, Research and Training
(3) The Ministry of Human Resource Development
(4) National University of Education, Planning and Administration

26. Among the following feminists who said "She is defined and differentiated with reference to man and not he with reference to her" ?

(1) Virginia Woolf
(2) Bell Hooks
(3) Simone de Beauvoir
(4) Dorothy Smith

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. 2017 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने के लिए गठित समिति का अध्यक्ष कौन है ?

(1) वी. पार्थसारथी (2) के. कस्तूरीरंगन

(3) डॉ. राधाकृष्णन (4) संतोष पाण्डा

24. सीमित विकल्प (क्लोज एंडेड) वाली अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से विकल्प **सही** है/हैं ?

(a) यह परिणामों के प्रस्तुतीकरण में मानकीकरण और ज्यादा एकरूपता सुनिश्चित करती है।

(b) यह किसी परिघटना की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कर सकती है।

(c) यह सुनिश्चित करती है कि किसी अनुसंधान समस्या की जरूरतों के अनुसार सुनिश्चित उत्तर दिए जाएं।

(d) यह सरल होती है, इसे भरवाने में कम समय लगता है और अपेक्षाकृत सस्ती पड़ती है।

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) केवल (a), (b) और (d)

(3) केवल (b), (c) और (d) (4) केवल (c)

25. भारत में व्यावसायिक शिक्षा निम्नलिखित में से किसके अधिकार क्षेत्र में आती है ?

(1) महिला और बाल विकास मंत्रालय

(2) राष्ट्रीय शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद

(3) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(4) राष्ट्रीय शिक्षा, आयोजन और प्रशासन विश्वविद्यालय

26. निम्नलिखित में से किस नारीवादी व्यक्ति ने कहा है, "महिला को पुरुष के संदर्भ में परिभाषित और उनमें भेद किया जाता है जबकि महिला के संदर्भ में पुरुष के साथ ऐसा नहीं किया जाता है ?"

(1) वर्जीनिया वूल्फ (2) बेल हुक्स

(3) सिमोन डे ब्यूवोयर (4) डोरोथी स्मिथ

Prepp
Your Personal Exams Guide

27. Which is / are the reason for adverse effects of processes of environmental degradation on rural women and female children ?

(a) State policies

(b) Pre - existing gendered division of labour

(c) Systematic gender differences in distribution of subsistence resources (including food and health care) within rural households

(d) Unequal access of men and women to productive resources in rural economy

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a) and (c) only

(3) (a), (b) and (d) only (4) (b), (c) and (d)

28. Who is the author of the book : "Something Beautiful for God : Mother Teresa of Calcutta" ?

(1) Navin Chawla (2) Anne Seba

(3) Malcolm Muggeridge (4) Christopher Hitchens

29. What could be the considerations for selecting topic of research ?

(a) Structure and State of a discipline.

(b) Preceived relevance of the topic.

(c) The availability of grants for particular themes.

(d) Cost involved in terms of time, money and personnel for the topic.

**Code :**

(1) (b) and (c) only (2) (a), (b) and (c) only

(3) (a), (c) and (d) only (4) (a), (b), (c) and (d)

Prepp
Your Personal Exams Guide

27. ग्रामीण महिलाओं और बच्चियों पर पर्यावरण ह्रास की प्रक्रियाओं के प्रतिकूल प्रभावों का/के क्या कारण है/हैं ?

(a) सरकारी नीतियाँ

(b) पहले से मौजूद में लिंग आधारित श्रम विभाजन

(c) ग्रामीण परिवारों में जीवन निर्वाह के संसाधनों (भोजन और स्वास्थ्यचर्या सहित) के वितरण में सुनियोजित लैंगिक भेदभाव

(d) ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उत्पादक संसाधनों तक महिलाओं और पुरुषों की पहुँच में असमानता

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d)
(2) केवल (a) और (c)
(3) केवल (a), (b) और (d)
(4) केवल (b), (c) और (d)

28. 'समथिंग ब्यूटीफुल फॉर गॉड : मदर टेरेसा ऑफ कलकत्ता' पुस्तक का लेखक कौन है ?

(1) नवीन चावला
(2) एन्नी सेबा
(3) मैलकम मुगरिज
(4) क्रिस्टोफर हिचेन्स

29. अनुसंधान के विषय का चयन करते समय निम्नलिखित में से किस पर विचार किया जाना चाहिए ?

(a) विषय की संरचना और स्थिति।

(b) विषय की अनुमानित प्रासंगिकता।

(c) विशिष्ट थीमों के लिए अनुदान की उपलब्धता।

(d) विषय के लिए समय, धन और कार्मिकों की दृष्टि से लागत।

**कूट :**

(1) केवल (b) और (c)
(2) केवल (a), (b) और (c)
(3) केवल (a), (c) और (d)
(4) (a), (b), (c) और (d)

30. Match List - I and List - II :

| List - I (Authors) | | List - II (Books) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Paulo freire | (i) | Women's role in Economic Development |
| (b) | Gloria Jean Watkins | (ii) | Pedagogy of the Oppressed |
| (c) | Mary Woll Stonecraft | (iii) | Teaching to Transgress : Education as the Practice of Freedom |
| (d) | Ester Boserup | (iv) | A Vindication of the Rights of Women |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

31. What is considered "Indecent Representation of Women" according to the Indecent representation of women (Prohibition) Act, 1986 ?

(a) Denigrating depiction of the figure of woman in form or body

(b) Depiction of women likely to injure public morality

(c) Modern depiction of women in unconventional jobs

(d) Depiction of figure of women likely to deprave or corrupt public morals

Code :

(1) (b), (c) and (d) only
(2) (a), (b) and (d) only
(3) (a), (b), (c) and (d)
(4) (a), (c) and (d) only

30. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए :

| सूची – I (लेखक) | | सूची – II (पुस्तकें) | |
|---|---|---|---|
| (a) | पाउलो फ्रेइरे | (i) | वोमेनस रोल इन एकनॉमिक डिवेलपमेंट |
| (b) | ग्लोरिया जीन वाटकिंस | (ii) | पेडागॉजी ऑफ दी ऑप्रेस्ड |
| (c) | मैरी वोलस्टोनक्राफ़्ट | (iii) | टीचिंग टू ट्रांसग्रैस : एजूकेशन एज दी प्रेक्टिस ऑफ फ्रीडम |
| (d) | इस्टर बोसेरप | (iv) | ए विंडीकेशन ऑफ़ दी राइट्स ऑफ वोमेन |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

31. महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 के अनुसार निम्नलिखित में कौन सा 'महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व' माना जाता है ?

(a) महिलाओं के फिगर का आकार या शरीर के रूप में अपमानजनक चित्रण करना।

(b) महिलाओं का इस प्रकार चित्रण करना कि उससे सार्वजनिक नैतिकता को नुकसान पहुँचने की संभावना है।

(c) गैर-परंपरागत रोजगार में महिलाओं का आधुनिक चित्रण।

(d) महिलाओं के फिगर का इस प्रकार चित्रण करना कि उससे लोकाचार को क्षति या नुकसान पहुँचने की संभावना हो।

कूट :

(1) केवल (b), (c) और (d)
(2) केवल (a), (b) और (d)
(3) (a), (b), (c) और (d)
(4) केवल (a), (c) और (d)

32. What is **true** about hypothesis ?

(a) Some research studies are conducted merely to generate hypothesis.

(b) All research studies begin and are carried out with the help of hypothesis.

(c) Hypotheses help to the efficient organization of data.

(d) Hypotheses are formulated in the form of tentative answers to research questions.

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d)    (2) (a), (c) and (d)

(3) (b), (c) and (d)    (4) (b) and (c) only

33. Who is the Director of the banned Documentary 'India's Daughter' ?

(1) Gurinder Chadda    (2) Meira Nayar

(3) Leslee Udwin    (4) Kathrine Mayo

34. Which of the following is **not** identified as being primary issue in women's health by WHO (World Health Organisation) ?

(1) Reproductive and maternal health

(2) Violence

(3) Mental health

(4) Communicable diseases

35. The recent Supreme court Judgement concerning Section 498 A of the IPC states that a large number of women are misusing laws, are liars and filing false complaints against men in which of the following cases ?

(1) Mitu Khurana vs state of Delhi and Anothers

(2) Viniti Gopal and Others vs State Maharastra and Anothers

(3) Rajesh Sharma and Others vs State of UP and Anothers

(4) Shyam Narayan Chouski vs Union of India

32. परिकल्पना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

(a) कुछ अनुसंधान अध्ययन केवल परिकल्पना तैयार करने के लिए किए जाते हैं।

(b) सभी अनुसंधान अध्ययन परिकल्पना से शुरू होते हैं और परिकल्पना की सहायता से ही किए जाते हैं।

(c) परिकल्पनाएँ आँकड़ों को कार्यसाधक रूप में संगठित करने में सहायता करती हैं।

(d) परिकल्पनाएँ अनुसंधान प्रश्नों के संभावित उत्तरों के रूप में बनाई जाती हैं।

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (c) और (d)

(3) (b), (c) और (d) (4) केवल (b) और (c)

33. प्रतिबंधित डॉक्यूमेंटरी 'इंडियाज डॉटर' की निर्देशक कौन हैं?

(1) गुरिंदर चड्ढा (2) मीरा नायर

(3) लेसली उडविन (4) कैथरीन मायो

34. डब्ल्यू.एच.ओ. (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा निम्नलिखित में से किस मुद्दे को महिला स्वास्थ्य के संबंध में प्राथमिक मुद्दे के रूप में पहचान नहीं की गई है?

(1) प्रजनन और मातृत्व स्वास्थ्य

(2) हिंसा

(3) मानसिक स्वास्थ्य

(4) संक्रामक रोग

35. हाल में निम्नलिखित में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498 क के संदर्भ में अपने निर्णय में यह कहा है कि भारी संख्या में महिलाएँ कानूनों का दुरुपयोग कर रही हैं, झूठ बोल रही हैं और पुरुषों के खिलाफ झूठी शिकायतें कर रही हैं?

(1) मीतू खुराना बनाम दिल्ली राज्य एवं अन्य

(2) विनिती गोपाल एवं अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य

(3) राजेश शर्मा एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य

(4) श्याम नारायण चौस्की बनाम भारत संघ

Prepp
Your Personal Exams Guide

36. Which European Country is the first one to give legal Sanction to the 'Gay marriage' ?

(1) Sweden (2) Denmark (3) Holland (4) Norway

37. Which of the following is **correct** expansion of 'ISSNIP' ?

(1) ICDS Systems Strengthening and Nutrition Improvement Project

(2) Integrated Systems Strengthening and Nutrition Improvement Project

(3) International Systems Strengthening and Nutrition Improvement Programme

(4) ICDS and Nutrition Improvement Programme

38. Match the **List - I (Sampling)** and **List - II (Explanation)** :

| **List - I** | | **List - II** | |
|---|---|---|---|
| **(Sampling)** | | **(Explanation)** | |
| (a) | Cluster Sampling | (i) | Randomly selecting hierarchical group from a Sampling frame |
| (b) | Stratified random Sampling | (ii) | Random selection on separately for each sub group in a Sampling frame |
| (c) | Probability Sampling | (iii) | Any technique that ensures a random Sample |
| (d) | Random Sampling | (iv) | Any technique that provides each population element an equal probability of being included in the sample |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

36. कौन सा यूरोपीय देश 'समलैंगिक विवाह' को कानूनी मंजूरी देने वाला पहला देश है ?

(1) स्वीडन (2) डेनमार्क (3) होलैण्ड (4) नॉर्वे

37. निम्नलिखित में से कौन सा 'आई.एस.एस.एन.आई.पी.' का पूरा **सही** नाम है ?

(1) आई.सी.डी.एस. सिस्टम स्ट्रेंग्थनिंग एंड न्यूट्रीशन इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट

(2) इंटीग्रेटेड सिस्टम्स स्ट्रेंग्थनिंग एंड न्यूट्रीशन इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट

(3) इंटरनेशनल सिस्टम्स स्ट्रेंग्थनिंग एंड न्यूट्रीशन इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम

(4) आई.सी.डी.एस. एंड न्यूट्रीशन इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम

38. **सूची** – I के **सूची** – II के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** **( प्रतिचयन )** | **सूची – II** **( व्याख्या )** |
|---|---|
| (a) समूह प्रतिचयन | (i) किसी प्रतिचयन फ्रेम से पदानुक्रमिक समूह का यादृच्छिक चयन करना |
| (b) स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिचयन | (ii) किसी प्रतिचयन फ्रेम के प्रत्येक उपसमूह के लिए अलग-अलग यादृच्छिक चयन करना |
| (c) प्रायिक्ता प्रतिचयन | (iii) ऐसी तकनीक जो यादृच्छिक प्रतिदर्श सुनिश्चित करती हो। |
| (d) यादृच्छिक प्रतिचयन | (iv) ऐसी तकनीक जिसमें जनसंख्या के प्रत्येक घटक की प्रतिदर्श में शामिल किए जाने की समान प्रायकिता होती है। |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

39. Which of the following are the issues of second wave feminism ?

(a) Reproductive Rights (b) Voting Rights

(c) Intersectionality (d) Domestic Violence

Code :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (a), (b) and (c) only

(3) (a) and (d) only (4) (b) and (c) only

40. Which committee has recommended the establishment of "National Commission for Women" ?

(1) Committee on Status of Women in India

(2) Parliamentary Committee for Women

(3) High Power Committee for Women

(4) National Empowerment Committee for Women

41. Which of the following Umbrella Scheme provides a range of services to women affected by violence in 2015 ?

(1) Women Helpline (2) Mahila Police Station

(3) One Stop Centre (4) Women Protection Centre

42. Which of the following indicator is used to measure the changes in the status and roles of women and men over a period of time ?

(1) Gender Empowerment Indicator

(2) Gender Sensitive Indicator

(3) Gender Inequality Indicator

(4) Gender disaggregated Indicator

39. निम्नलिखित में से कौन से मुद्दे नारीवाद के द्वितीय चरण से संबंधित हैं?

(a) प्रजनन अधिकार
(b) मताधिकार
(c) इंटरसेक्शनलिटी
(d) घरेलू हिंसा

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) और (d)
(2) केवल (a), (b) और (c)
(3) केवल (a) और (d)
(4) केवल (b) और (c)

40. निम्नलिखित में से किस समिति ने 'राष्ट्रीय महिला आयोग' की स्थापना की सिफारिश की थी?

(1) भारत में महिलाओं की स्थिति संबंधी समिति
(2) महिलाओं से संबंधित संसदीय समिति
(3) महिलाओं से संबंधित उच्च अधिकार प्राप्त समिति
(4) राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण समिति

41. हिंसा प्रभावित महिलाओं को अनेक प्रकार की सेवाएँ प्रदान करने के लिए 2015 में प्रारंभ की गई प्रमुख योजना कौन सी है?

(1) वोमेन हेल्पलाइन
(2) महिला पुलिस थाना
(3) वन स्टॉप सेंटर
(4) महिला संरक्षण केन्द्र

42. किस अवधि में महिलाओं और पुरुषों की स्थिति और भूमिकाओं में हुए परिवर्तन का मापन करने के लिए निम्नलिखित में से किस संकेतक का उपयोग किया जाता है?

(1) जेंडर सशक्तीकरण संकेतक
(2) जेंडर संवेदनशील संकेतक
(3) जेंडर असमानता संकेतक
(4) जेंडर विसमूहित संकेतक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. Which of the following women leader was **not** associated with 'Quit India Movement' ?

(1) Aruna Asafali (2) Kasturba Gandhi

(3) Margaret Alva (4) Sarojini Naidu

44. Who is of the view that researchers are brought up in an intellectually limited universe. The dilemma in feminist research is related to the issues like major concepts, ways of seeing reality and willingness to accept proof ?

(1) Linda Light (2) Margrit Eichler

(3) Shulamith Reinharz (4) Arlene Kaplan Daniel

45. Which of the following term is **correct** about a deliberate ending of a pregnancy in a way as to ensure that a live birth does not occur ?

(1) Spontaneous Abortion (2) Still birth

(3) Induced Abortion (4) Infant Mortality

46. What is the limit of Investment in 'Plant and Machinery Sector' for Medium Enterprises in India ?

(1) More than ten lakhs but does not exceed two crore rupees

(2) More than two crore rupees but does not exceed five crores

(3) More than five crores but does not exceed 10 crores rupees

(4) More than five crores but does not exceed 15 crores rupees

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. निम्नलिखित में से कौन सी महिला नेता 'भारत छोड़ो आंदोलन' से संबंधित **नहीं** है ?

(1) अरूणा आशफ अली (2) कस्तुरबा गांधी

(3) मार्गरेट अल्वा (4) सरोजिनी नायडू

44. निम्नलिखित में से किसका विचार है कि अनुसंधानकर्त्ताओं को बौद्धिक रूप से सीमित जगत में पाला जाता है। नारीवादी अनुसंधान की दुविधा प्रमुख अवधारणाओं, वास्तविकता को देखने के तरीकों और सबूतों को स्वीकार करने की इच्छा जैसे मुद्दों से संबंधित हैं ?

(1) लिंडा लाइट (2) मार्गेरिट आइचलर

(3) शुलामिथ राइनहार्ज (4) आर्लेन केपलेन डेनियल

45. यह सुनिश्चित करने के लिए जानबूझ कर गर्भपात कराना कि जीवित बच्चे का जन्म न हो, इसे निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ?

(1) स्पोंटेनियस अबॉर्शन (2) स्टिल बर्थ

(3) इंड्यूस्ड अबॉर्शन (4) इन्फेंट मॉर्टेलिटी

46. भारत में मध्यम उद्यमों के लिए 'संयंत्र और मशीनरी क्षेत्र' में निवेश की सीमा क्या है ?

(1) दस लाख रुपये से अधिक परंतु दो करोड़ रुपये से अधिक नहीं।

(2) दो करोड़ रुपये से अधिक परंतु पाँच करोड़ रुपये से अधिक नहीं।

(3) पाँच करोड़ रुपये से अधिक परंतु 10 करोड़ रुपये से अधिक नहीं।

(4) पाँच करोड़ रुपये से अधिक परंतु 15 करोड़ रुपये से अधिक नहीं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

47. **Assertion (A) :** Efforts to end gender discrimination have enlarged the scope of women's activity and successfully changed stereotypic definitions of feminity.

**Reason (R) :** Now - a - days enforcement of law, with regard to gender issues is becoming stringent and feminity is being defined with an understanding of variation and diversity among women.

**Code :**

(1) (A) is wrong but (R) is correct.

(2) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation for (A).

(3) Both (A) and (R) are correct but (R) is not correct explanation for (A).

(4) (A) is correct (R) is wrong.

48. **Assertion (A) :** Girls receive greater criticism from their peers for gender inappropriate behaviour than boys do from their peers.

**Reason (R) :** During gender socialization process boys acquire more dominant and masculine traits than girls.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are correct. (2) Both (A) and (R) are wrong.

(3) (A) is correct (R) is wrong. (4) (A) is wrong and (R) is correct.

49. Which of the following North East States form major source points of sex-trafficking ?

(a) Assam (b) Manipur (c) Nagaland (d) Tripura

**Code :**

(1) (a), (b), (c) only (2) (a) and (c) only

(3) (a), (c) and (d) only (4) (a), (b), (c), (d)

47. **अभिकथन (A) :** लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के प्रयासों ने महिलाओं के क्रियाकलापों के दायरे को बढ़ाया है और 'नारीत्व' की रूढ़िवादी परिभाषाओं में सफलतापूर्वक बदलाव किया है।

**तर्क (R) :** आजकल जेंडर संबंधी मुद्दों के संबंधित कानूनों को कड़ाई से लागू किया जा रहा है और महिलाओं के बीच असमानताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए 'नारीत्व' को परिभाषित किया जा रहा है।

**कूट :**

(1) (A) गलत है परंतु (R) सही है।

(2) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(3) (A) एवं (R) दोनों सही हैं परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(4) (A) सही है परंतु (R) गलत है।

48. **अभिकथन (A) :** लड़कों की तुलना में लड़कियों की उनके समकक्षों द्वारा लिंग अनुचित व्यवहार के लिए ज्यादा आलोचना की जाती है।

**तर्क (R) :** लिंग सामाजीकरण प्रक्रिया के दौरान लड़कियों की तुलना में लड़के ज्यादा प्रभावशाली और मर्दाना लक्षण अर्जित कर लेते हैं।

**कूट :**

(1) (A) एवं (R) दोनों सही हैं।
(2) (A) एवं (R) दोनों गलत हैं।
(3) (A) सही है और (R) गलत है।
(4) (A) गलत है और (R) सही है।

49. निम्नलिखित में से कौन से पूर्वोत्तर राज्य मानवतस्करी के मुख्य स्रोत स्थल हैं ?

(a) असम (b) मणिपुर (c) नागालैण्ड (d) त्रिपुरा

**कूट :**

(1) केवल (a), (b), (c)
(2) केवल (a) और (c)
(3) केवल (a), (c) और (d)
(4) (a), (b), (c), (d)

Prepp
Your Personal Exams Guide

50. Which of the following are **not** recommendations of the three member committee reviewing laws for sexual crimes headed by former Chief Justice of India, Justice J. S. Verma ?

(a) All marriages in India should mandatorily be registered in the presence of a magistrate.

(b) Voyerism be punished with up to seven years in jail.

(c) Punishment for rape should be rigorous imprisonment or RI for seven years to life.

(d) Reforms are needed to deal with criminalization of politics.

Code :

(1) (a), (c) and (d) only

(2) (a), (b), (c) and (d)

(3) (b), (c) and (d) only

(4) (b) and (c) only

- o O o -

50. यौन अपराधों की समीक्षा के लिए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस जे.एस. वर्मा की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति की निम्नलिखित में से कौन सी सिफारिशें **नहीं** है ?

(a) भारत में होने वाली सभी शादियों का मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में अनिवार्यत: पंजीकरण होना चाहिए।

(b) दर्शनरति (व्वायरिज्म) के लिए सात वर्ष तक कारावास का दण्ड होना चाहिए।

(c) बलात्कार के लिए सात वर्ष से लेकर आजीवन सक्षम कारावास का दण्ड होना चाहिए।

(d) राजनीति के अपराधीकरण से निपटने के लिए सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

कूट :

(1) केवल (a), (c) और (d)

(2) (a), (b), (c) और (d)

(3) केवल (b), (c) और (d)

(4) केवल (b) और (c)

- o O o -

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work